<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

भारत सरकार ने नाबार्ड में दो उप प्रबंध निदेशकों की नियुक्ति की

मुंबई 14 अगस्त 2014

भारत सरकार ने 14 अगस्त 2014 की अपनी अधिसूचना के माध्यम से राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) में श्री आर अमलोरपवनाथन और श्री एच आर दवे की उनके कार्यग्रहण की तारीख से उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्ति की है.

श्री आर अमलोरपवनाथन, अभियंता (कृषि) हैं और उन्हें आईआईएम, बेंगलुरु से मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त है. साथ ही उन्होंने एशियन इन्स्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, फिलिपाइन्स से डेवलपमेंट मैनेजमेंट में मास्टर्स किया है. वर्तमान में वे नाबार्ड के प्रधान कार्यालय, मुंबई में व्यवसाय पहल विभाग के मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं.

श्री एच आर दवे को डेयरी टेक्नोलॉजी में स्नातक हैं और उन्होंने आईआईएम अहमदाबाद से मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त किया है. वर्तमान में वे नाबार्ड के प्रधान कार्यालय, मुंबई में कारपोरेट आयोजना विभाग के मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं.

दोनों को नाबार्ड के विभिन्न विभागों में कार्य करने का 32 वर्षों का अनुभव प्राप्त है.